तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार, 1 अप्रैल 2025

11 दूसरे दिन भक्तों ने बृह्मचारिणी मां चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की



11 जिलेभर में धूमधाम से मनाया ईद-उल-फितर



## खबर संक्षेप

### गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार दादा व पौती घायल

**जींद।** घासो के निकट तेज रफ्तार डीजे सेट पिकअप गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार दादा व पौती घायल हो गए। पुलिस ने घायल दादा की शिकायत पर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डूमरखां निवासी धर्मबीर ने शिकायत में बताया कि बुडायन केंद्रीय विद्यालय में पौती तान्या का परीक्षा परिणाम देखकर दोनों बाइक से अपने घर लौट रहे थे।

### ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**जींद।** गांव डूमरखां कलां के निकट तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत हो गई। सदर थाना नरवाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।
गांव सफाखेड़ी निवासी सुरेंद्र (40) स्कूटी पर सवार होकर नरवाना से घर वापस लौट रहा था। गांव डूमरखां कलां के निकट तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी।

### जबरन फसल काटने का विरोध करने पर हमला

**जींद।** गांव खेडाखेमावती खेत से जबरन गेहूं तथा सरसों काटने का विरोध किया तो आरोपितों ने दरांती से हमला कर दो लोगों को घायल कर दिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव खेडा खेमावती निवासी कुलदीप की पत्नी पूजा ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### माजरा रोहेड़ा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**राजौंद।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला माजरा रोहेड़ा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। मुख्य शिक्षिका अंग्रेज देवी ने बताया कि हर बार की तरह इस साल भी स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को समाजसेवी दलेल सिंह ने सम्मानित किया।

### बीस लाख नहीं देने पर उत्पीड़न करने का आरोप

जींद। एमबीएसएस महिला चिकित्सक द्वारा दहेज की डिमांड पूरी न करने पर मानसिक तथा शारीरिक उत्पीडन करने पर महिला थाना पुलिस चिकित्सक पति के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दो बाइक चोर दबोचे बाइक बरामद

**कैथल।** बाइक चोरी के मामले की जांच एंटी व्हीकल स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई अशोक कुमार व एचसी अनिल कुमार की टीम द्वारा आरोपी कुरुक्षेत्र निवासी विनय व संजय को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव बलवंती निवासी कर्मजीत की शिकायत अनुसार 4 फरवरी को हुड्डा सेक्टर 19 के पास से उसकी बाइक को अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गए।

### तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, बाइक सवार घायल

**जींद।** अपोलो चौक पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति के घायल होने पर शहर थाना पुलिस ने फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मूलतः गांव छापडा हाल आबाद रामनगर निवासी बलवान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बाइक पर सवार होकर अपने गांव जा रहा था।

### महिला और एक युवती बिना बताए घर से लापता

**कैथल।** दो स्थान से एक महिला और एक युवती बिना बताए घर से लापता हो गई। मामले में पूंडरी पुलिस थाना के तहत आने वाले गांव की एक व्यक्ति ने शिकायत में आरोप लगाया है कि 29 मार्च को उसकी 25 वर्षीय पत्नी गांव मुंदडी से बिना बताए घर से चली गई। उन्होंने उसकी आसपास तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला।

*9वीं और 11वीं कक्षा में दाखिले को लेकर पत्र जारी*

# राजकीय और अराजकीय स्कूलों में पत्र के अनुसार कक्षा 9वीं में सामान्य दाखिले एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय और अराजकीय स्कूलों में 9वीं और 11वीं कक्षा में दाखिले को लेकर सेकेंडरी शिक्षा हरियाणा की ओर से पत्र जारी किया गया है। जारी किए गए पत्र के अनुसार कक्षा 9वीं में सामान्य दाखिले एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक होंगे। इसके बाद संस्थान के मुखिया की अनुमति से एक मई से लेकर 16 मई तक बिना विलंब शुल्क दाखिले किए जाएंगे। फिर भी अगर सीट खाली रह जाती हैं तो संस्थान के मुखिया संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी से अनुमति प्राप्त करते 17 मई से 31 मई तक बिना विलंब शुल्क दाखिले कर सकेंगे।

### ज्यादा से ज्यादा दाखिला करवाने को होड़

वहीं 11वीं कक्षा में दाखिले को लेकर नया सत्र शुरू होने पर प्रोविजनल दाखिले एक अप्रैल से शुरू होंगे। फिर सामान्य दाखिले बोर्ड द्वारा घोषित परिणाम के दस दिनों के अंदर होंगे। अगले दस दिनों तक संस्थान के मुखिया की अनुमति द्वारा बिना विलंब शुल्क दाखिले होंगे। इसके बाद भी अगर सीट खाली रह जाती है तो संस्थान के मुखिया द्वारा संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी से अनुमति प्राप्त करते हुए बिना विलंब शुल्क दाखिले किए जाएंगे। इसके उपरांत सेकेंडरी शिक्षा हरियाणा के निदेशक की अनुमति से दाखिले होंगे। गौरतलब है कि अप्रैल माह से स्कूलों में नया सत्र शुरू हो जाता है। राजकीय और प्राइवेट स्कूलों में ज्यादा से ज्यादा दाखिला करवाने को लेकर होड़ लगी रहती है।



**बेहतर शिक्षा प्रणाली के बारे में अवगत करवाएं:** शिक्षकों द्वारा घर-घर जाकर विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं और बेहतर शिक्षा प्रणाली के बारे में अवगत करवाते हैं। अब 10वीं और 12वीं कक्षा की हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं भी समाप्त हो चुकी हैं। परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद विद्यार्थियों की ओर से अगली कक्षा में दाखिला लेने की तैयारी रहती है। ऐसे में सेकेंडरी शिक्षा हरियाणा द्वारा नए सत्र में 9वीं और 11वीं कक्षा में दाखिले को लेकर शेड्यूल जारी किया गया है।

### दाखिले को लेकर आया शेड्यूल



जिला शिक्षा अधिकारी सुमित्रा देवी ने बताया कि 11वीं कक्षा में पहले प्रोविजनल दाखिले होंगे। 10वीं कक्षा का बोर्ड द्वारा परीक्षा का परिणाम जारी होने के बाद सामान्य दाखिले शुरू हो जाएंगे। सेकेंडरी शिक्षा हरियाणा की ओर से 9वीं और 11वीं कक्षा में दाखिले को लेकर शेड्यूल जारी किया गया है। एक अप्रैल से नया सत्र शुरू होगा। 9वीं कक्षा में 30 अप्रैल तक सामान्य होंगे। सेकेंडरी शिक्षा हरियाणा की ओर से 9वीं और 11वीं कक्षा में दाखिले को लेकर शेड्यूल जारी किया गया है।




कैथल। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी नशा तस्कर। फोटो :हरिभूमि

# 1.196 किलोग्राम चूरा पोस्त सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

- पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एंटी नारकोटिक सैल द्वारा एक नशा तस्कर को 1 किलो 196 ग्राम चूरा पोस्त सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई सिंह राज की अगुवाई में एएसआई प्रवीन कुमार की टीम दोपहर के समय गश्त दौरान शहीद उधम सिंह चौक चीका के पास मौजूद थी। जहां पर सहयोगी सुत्रो से पुलिस को एक गुप्त जानकारी मिली कि वार्ड नंबर 2 चीका निवासी सिंगारा सिंह काफी समय से चुरा पोस्त बेचने का काम करता हैं। जो अपनी बाइक पर सवार होकर ट्रक यूनियन चीका में चूरा पोस्त बेचने के लिए जाएगा, सूचना विश्वसनीय होने कारण पुलिस टीम द्वारा मुस्तैदी का परिचय देते खुशहाल माजरा रोड़ चीका पर नाकाबंदी की गई। जहां कुछ समय बाद खुशहाल माजरा की तरफ से बाइक पर आए संदिग्ध ने पुलिस को देखकर बाइक को चीका चौक की तरफ भगा लिया। पुलिस ने गाड़ी से बाइक का पीछा किया , बाइक सवार ने बाइक डेरा भाग सिंह रोड़ पर भगा ली। बाइक को वापस मोड़ने के प्रयास दौरान सतर्क पुलिस टीम द्वारा उक्त बाइक सवार को काबू कर लिया गया।

बाइक सवार की पहचान वार्ड नंबर 2 चीका निवासी सिंगारा सिंह के रुप में हुई। पुलिस सुचना उपरांत मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार बंसी लाल के समक्ष ली तलाशी दौरान आरोपी के कब्जे में से 1 किलो 196 ग्राम चुरा पोस्त बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ थाना गुहला में मामला दर्ज करके आरोपी को मौके पर पहुंचे एएसआई अमित कुमार द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया।

## दिल्ली से डिवीजन रेलवे प्रबंधक ने जींद व नरवाना स्टेशन का किया निरीक्षण

# जींद रेलवे जंक्शन पर बन रहे हाइड्रोजन प्लांट में पानी का उचित प्रबंध नहीं मिला

### प्लांट में गैस बनाने के लिए रोजाना चार हजार लीटर पानी की जरूरत

बिल्डिंग के टॉयलेट में लगाई जा रही यूरोपियन सीटों पर एतराज जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद/नरवाना

डिवीजन रेलवे प्रबंधक पुष्पेश रमन त्रिपाठी ने जींद तथा नरवाना स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने रेलवे व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रेलवे जंक्शन जींद पर बन रहे हाइड्रोजन प्लांट में पानी का उचित प्रबंध नही मिला। प्लांट में गैस बनाने के लिए रोजाना चार हजार लीटर पानी चाहिए लेकिन इसका उचित प्रबंध नहीं है। इस पर मंडल रेलवे प्रबंधक नई दिल्ली पुष्पेंद्र त्रिपाठी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पानी की उचित व्यवस्था की जाए अन्यथा बिना पानी के तो प्लांट बंद हो जाएगा। इसके बाद उन्होंने प्लांट की डेडलाइन पूछी तो अधिकारियों ने 20 मई तक पूरा करने का लक्ष्य बताया। इसके बाद हाईड्रोजन गैस से ट्रेन का संचालन करवाया जाएगा। मंडल रेलवे प्रबंधक नई दिल्ली पुष्पेंद्र त्रिपाठी सोमवार को नई दिल्ली से पंजाब के कटार सिंह वाला स्टेशन के लिए रवाना हुए। इसके बाद वह कटार सिंह वाला स्टेशन पहुंचे। वहां से निरीक्षण करते हुए नरवाना स्टेशन रूके और वहां उन्होंने बिल्डिंग के चल रहे निर्माण की व्यवस्था को जांचा। वहां उन्होंने अधिकारियों से निर्माण बारे बारीकी से पूछताछ की। इसके बाद वह जींद जंक्शन पहुंचे और उन्होंने जंक्शन की निर्माणाधीन बिल्डिंग से निरीक्षण शुरू किया। उन्होंने बिल्डिंग के टॉयलेट में लगाई जा रही यूरोपियन सीटों पर एतराज जताया। उन्होंने कहा कि टॉयलेटों में केवल एक ही यूरोपियन और अन्य जगह इंडियन सीट लगाई जाए।

इसके बाद वह हाईड्रोजन प्लांट पहुंचे। वहां पर उन्होंने कहा कि यदि ब्लास्ट हो जाए तो कैसे बचा जा सकता है। इस पर अधिकारियों ने कहा कि ब्लास्ट होने पर अलार्म बजेगा। इसके अलावा लीक होने पर आग लग जाए तो उसका क्या बचाव है। इस पर अधिकारियों का कहना था कि फायर हाइड्रैंट लगाया हुआ है जो आग लगने पर तुरंत कार्य करेगा।




जींद। रेलवे जंक्शन पहुंची डीआरएम की ट्रेन। फोटो :हरिभूमि

### कार्रवाई की गई

बता दें कि पुष्पेंद्र रमन त्रिपाठी ने 15 दिन पहले ही डीआरएम का कार्यभार संभाला है और 15 दिनों में काफी एरिया का सर्वे कर चुके हैं। सोमवार को भी उन्होंने अमृतसर तक जाना था लेकिन किसी काम की वजह कटार सिंह वाला बठिंडा से मानसा होते हुए नरवाना पहुंचे और रेलवे स्टेशन का सर्वे कर दिल्ली की ओर रवाना हो गए।

### नरवाना में अच्छा काम चल रहा

पत्रकारों से बातचीत करते डीआरएम ने कहा कि नरवाना रेलवे स्टेशन का काम अच्छे तरीके से चल रहा है। बिल्डिंग के कार्य के साथ-साथ शुलभ शोचाल्य, पार्क, प्रतिक्षालय, पार्किंग का कार्य भी प्रगति पर है अच्छा व बढ़िया कार्य प्रगति पर है।

### यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन जींद शाखा ने कर्मचारियों की समस्या संबंधी एक ज्ञापन शाखा सचिव मेहर सिंह के नेतृत्व में मंडल रेल प्रबंधक को ज्ञापन दिया। मंडल में ट्रैकमैन कर्मचारियों को अभी तक रक्षक यंत्र व सुरक्षा उपकरण नहीं दिए गए हैं। जिस कारण दिन प्रतिदिन ट्रैकमैन कर्मचारियों के साथ हादसे हो रहे हैं जबकि अन्य रेलवे में यह उपकरण दिए जा चुके हैं। जल्द से जल्द उपकरण दिल्ली मंडल में भी दिलवाया जाए। रेलवे जंक्शन पर लोको पायलट और ट्रेनिंग मैनेजर को गाडियों के नीचे से निकलकर रनिंग रूम जाना पड़ता है। जिससे सदैव जान का खतरा बना रहता है। प्लेटफार्म नंबर एक से रनिंग रूम तक फूट और ब्रिज बनवाया जाए। सफाई व्यवस्था के लिए टेंडर आवंटित किया जाए जींद जंक्शन पर लगभग एक हजार से अधिक कर्मचारी हैं। जिनके लिए एक इनडोर बैडमिंटन कोर्ट में ओपन जिम, बास्केटबॉल ग्राउंड की व्यवस्था करवाई जाए ताकि सभी रेल कर्मचारियों व उनका परिवार इसका लाभ उठा सके।

# पौली के पास पिकअप-कंबाइन की टक्कर में पिकअप चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना क्षेत्र के पौली गांव के पास बीती रात एक पिकअप व कंबाइन की टक्कर में पिकअप चालक की मौत हो गई। सूचना पाकर जुलाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुटी हुई है। पंजाब के संगरूर निवासी सतनाम पिकअप में खीरे भरकर मलेर कोटला से रोहतक की ओ जा रहा था। जब वह पौली गांव के पास पहुंचा तो सड़क पर खड़ी कंबाइन से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयंकर थी कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए और चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर जुलाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुटी हुई है। जुलाना थाना प्रभारी आशीष ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जींद के सामान्य अस्पताल में भिजवा दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



जुलाना। पौली गांव के पास टकराई पिकअप व कंबाइन। फोटो :हरिभूमि

### झोपड़ी में आग लगने से सामान जलकर राख

**जींद।** उचाना कलां की गडरिया बस्ती में झोपड़ी में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगने झोपड़ी में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड की गाड़ी के पहुंचने एवं आस पड़ोस के लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया जा सका। घर की बहू ने धुआं उठता देखा तो उसने पूरे परिवार को जगाया। सोमवार को काफी संख्या में ग्रामीण पीड़ित परिवार से मिले और सांत्वना दी। जानकारी के अनुसार रात में पूरा परिवार सोया था। रवि की झोपड़ी में आग का पता भाई रोहित की पत्नी को चला। वह जब बाहर निकली तो आग देखकर चिल्लाई जिससे पूरा परिवार जाग गया। परिवार ने तुरंत आग पर काबू पाने की कोशिश की। वहीं कुछ दिन पहले ही परिवार में हुई शादी का सारा सामान इसी झोपड़ी में रखा था। रोहित ने बताया कि आग में वॉशिंग मशीन, सिलाई मशीन, सूट आदि सामान था।

# दो बेटियों के पिता ने फंदा लगाकर दी जान पत्नी पर लगाया परेशान करने का आरोप

- मृतक की बहन की शिकायत पर शहर थाना पुलिस ने किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

चंदाना गेट पर एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की बहन ने उसकी पत्नी को भाई की मौत के लिए जिम्मेदार बताया है। वह दो बेटियों का पिता था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मृतक की पत्नी के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। शहर थाना में दी शिकायत में मृतक की बहन ममता ने बताया कि उसके भाई



शिव की शादी सितंबर 2019 में जींद निवासी प्रिया के साथ हुई थी। उसके बाद में जींद से आकर कैथल के चंदाना गेट पर रहने लगे। आरोपी है कि शिव की पत्नी उसके साथ हमेशा लड़ाई-झगडा करती थी और काफी तंग करती थी। अपनी 2 बेटियों के साथ कहीं भी चली जाती थी। इस कारण उसका भाई परेशान रहता था। 29 की रात को उसके भाई ने अपनी पत्नी प्रिया से तंग आकर आत्म हत्या कर ली। शिकायतकर्ता ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। परिजनों ने बताया कि उसके भाई के पास दो बेटियां हैं। वह चंदाना गेट पर फास्ट फूड की रेहड़ी लगाता था। साथ ही एक कॉस्मेटिक की दुकान थी।

### जांच जारी

शहर थाना प्रभारी वीना रानी बताया कि मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**आदेश** उपायुक्त ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश

# अपनी मनमर्जी से निजी प्रकाशकों की पुस्तकें न लगवाएं स्कूल संचालक, होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

प्राइवेट स्कूल संचालक अब पुस्तकों के नाम पर अभिभावकों की जेब खाली नहीं कर पाएंगे क्योंकि इसे लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रवैया अखत्यिार किया है। यदि कोई भी स्कूल संचालक एनसीईआरटी, एससीईआरटी व सीबीएसई के अलावा अन्य पुस्तक लगवाता है तो उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी। डीसी ने जिला शिक्षा अधिकारी को नियमों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि अब तक जिले में चलाए जा रहे करीब 400 स्कूलों में पाठय पुस्तकों के नाम पर करोड़ों रुपये का धंधा होता है। नर्सरी कक्षा के बच्चे की पाठय पुस्तक 5000 से 8000 तक आती हैं। मजे की बात यह भी है कि यह पाठय पुस्तक केवल निजी स्कूल संचालक द्वारा निर्धारित पुस्तक विक्रेता से ही मिलती हैं। जिला शिक्षा अधिकारी रामदिया गागट ने बताया कि विभागीय निदेर्शानुसार जिले में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिसमें उन्हें कहा गया है कि सभी निजी स्कूलों में हरियाणा स्कूल शिक्षा नियमावली 2003 के तहत जारी विभागीय निदेर्शानुसार एनसीईआरटी, एससीईआरटी व सीबीएसई द्वारा निर्धारित पुस्तकें ही स्कूलों में लगवाई जाएं। यह अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि यह ध्यान में आया है कि कुछ निजी स्कूल संचालक अस्वीकृत पुस्तकों का प्रयोग करना जारी रखते हैं, जो निर्धारित दिशा निदेर्शों का स्पष्ट उल्लंघन है। इसलिए सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को सभी निजी स्कूलों का निरीक्षण करने और निर्धारित नियमों का दृढ़ता से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। इसके साथ साथ सभी खंड शिक्षा अधिकारी इन निर्देश की अवहेलना पाई जाती है तो उसकी रिपोर्ट तुरंत जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करें।

### नियमानुसार ही पुस्तकें लागू करवाए

डीसी प्रीति ने कहा कि निजी स्कूल संचालक स्कूलों में नियमानुसार ही पुस्तकें लागू करवाएं। कोई स्कूल संचालक नियमों का उल्लंघन कर निजी प्रकाशकों की पुस्तकें लगवाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एक ही छत के नीचे सभी टेस्ट की सुविधाओं के लिए करना होगा वेट

- डीजी हैल्थ ने दिए थे 31 मार्च तक जींद लैब विस्तार के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में एक ही छत के नीचे सभी टैस्ट उपलब्ध हों, इसके लिए लोगों को थोड़ा सा इंतजार करना होगा। हालांकि डीजी हैल्थ ने आदेश दिए थे कि 31 मार्च तक हर हाल में लैब को जींद अस्पताल में स्थानांतरित किया जाए। स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां भी शुरू की लेकिन समयसीमा कम पड़ गई। फिलहाल उचाना लैब से सामान को जींद अस्पताल लाया जा चुका है लेकिन पेंट, उपकरण, एल्युमीनियन फिटिंग सहित अन्य कार्य पूरे होने बाकी हैं। जिसमें समय लग सकता है। जब तक कार्य पूरे नही हो जाते तब तक लैब व्यवस्थित तरीके संचालित नही की जा सकती है। इस समय अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में डिस्ट्रिक्ट इंटीग्रेटिड पब्लिक हैल्थ लैबोरेटरी लैब चलाई जा रही है। लैब में इस समय बीमारियों, एचआईवी, टीबी, मलेरिया टैस्ट किए जा रहे हैं। जबकि उचाना स्थित लैब में हैपेटाइटिस, कोरोना के सैंपल भेजे जा रहे हैं। अब उचाना लैब को जींद अस्पताल लाया जा रहा है ताकि गंभीर बीमारियों से संबंधित मरीजों व तीमारदारों को अलग-अलग जगहों पर जाकर टैस्ट करवाने न पड़ें।

रोहतक, मंगलवार, 1 अप्रैल 2025

हरिभूमि सहेली



हमारा शारीरिक ही नहीं मानसिक रूप से स्वस्थ रहना भी बहुत जरूरी है। जब हम महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य की बात करते हैं तो आज की जीवनशैली में अधिकांश महिलाएं कई तरह की मनोवैज्ञानिक समस्याओं से घिरकर मानसिक रूप से अस्वस्थ रहती हैं। समय रहते इन्हें समझना बहुत जरूरी है, क्योंकि इसके घातक परिणाम हो सकते हैं। आजकल महिलाएं किन मानसिक समस्याओं से घिरती हैं, इनके शुरुआती लक्षण क्या हैं, बचाव के लिए किन बातों का ध्यान रखें? विशेषज्ञ की जरूरी सलाह।

# मन को न रखें बीमार रहें हमेशा खुश



कवर स्टोरी

डॉ. विपुल रस्तोगी
सीनियर कंसल्टेंट-साइकेट्रिस्ट

हम अपने शारीरिक स्वास्थ्य के लिए तो चिंतित रहते हैं, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य पर अकसर ध्यान नहीं देते, जो बहुत जरूरी है। दरअसल, समय के साथ समाज बदल रहा है। आज के इस बदलते दौर में लोगों की व्यस्तता बहुत ज्यादा बढ़ चुकी है। लोगों के पास अपने परिवार के सदस्यों तक के लिए समय नहीं रहता। ऐसी जीवनशैली के प्रभाव से महिलाएं भी अछूती नहीं हैं। जहां एक ओर होममेकर्स पर खुद को ऑलराउंडर साबित करने का सामाजिक दबाव रहता है, वहीं काम-काजी महिलाओं के सामने घर और ऑफिस की दोहरी जिम्मेदारी और खुद को बेहतर साबित करने की चुनौती होती है। दोहरी जिम्मेदारियां निभाते हुए वे शारीरिक और मानसिक थकान से जूझ रही होती हैं। घर और बाहर की जिंदगी के बीच संतुलन स्थापित करने की कोशिश में वे दिन-रात जुटी रहती हैं। इसी दबाव की वजह से हमेशा उनका मन अशांत और उदास रहता है, वे स्ट्रेस, एंग्जायटी और डिप्रेशन जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याओं की शिकार हो जाती हैं। यहां हम जानते हैं, कुछ ऐसी मनोवैज्ञानिक समस्याओं के बारे में, जिनकी गिरफ्त में आकर अधिकांश महिलाएं परेशान रहती हैं साथ ही यह भी जानते हैं कि इनसे कैसे उबरें-



**मेंटल स्ट्रेस:** पुराने समय की तुलना में आज की महिलाओं का जीवन ज्यादा मुश्किलों से भरा है। संयुक्त परिवार तेजी से टूट रहे हैं, शहरों में न्यूक्लियर फैमिलीज की संख्या बढ़ती जा रही है। खासतौर पर महानगरों की संस्कृति ऐसी है कि वहां के अपार्टमेंट्स में रहने वाले लोग अपने पड़ोसियों से ज्यादा मिलना-जुलना पसंद नहीं करते। ऐसी स्थिति में होममेकर्स के आस-पास कोई ऐसा व्यक्ति नहीं होता, जिसके साथ वे अपने मन की बातें शेयर कर सकें, ऐसे में उनका तनाव बढ़ने लगता है। मनासिक तनाव की स्थिति में ब्रेन से कार्टिसोल नामक हार्मोन का सिक्रीशन बढ़ने लगता है, जो तनाव बढ़ाता है।



**प्रमुख लक्षण:** उदासी, चिड़चिड़ापन, थकान, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, कार्य क्षमता का घटना और मामूली बातों पर निराश हो जाना, मेंटली स्ट्रेस्ड होने के प्रमुख लक्षण हैं। ऐसी स्थिति में कई बार अनिद्रा, सिर या हाथ-पैरों में दर्द, भोजन में अरुचि होना और पाचन में गड़बड़ी जैसे शारीरिक लक्षण भी नजर आते हैं।

**बचाव-उपचार:** नए लोगों से दोस्ती बढ़ाएं, प्रियजनों के साथ दिल की बातें शेयर करें, म्यूजिक सुनने, बागवानी या स्पोर्ट्स जैसी एक्टिविटीज में अपनी सक्रियता बढ़ाएं। नियमित रूप से योगासन और प्राणायाम करें। अपनी कार्यक्षमता की सीमाएं पहचानें और जो कार्य बहुत ज्यादा मुश्किल हों, उसके लिए न कहना सीखें। सही ढंग से टाइम मैनेजमेंट करते हुए अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। अगर इन प्रयासों के बावजूद तनाव कम न हो तो मनोवैज्ञानिक सलाहकार से संपर्क करें। वे कॉग्नेटिव बिहेवियर थेरेपी की मदद से इस समस्या का समाधान करेंगे।

**एंग्जायटी:** यह ऐसी मनोदशा है, जिसमें व्यक्ति को अत्यधिक चिंता, डर या बेचैनी महसूस होती है। वर्तमान दौर में घर और बाहर की दोहरी जिम्मेदारियां, जीवन के हर क्षेत्र में खुद को सर्वश्रेष्ठ साबित करने की होड़, बच्चों की परवरिश से जुड़ी चुनौतियां और लोन की ईएमआई चुकाने की चिंता जैसी परेशानियों के कारण आजकल महिलाओं में एंग्जायटी की समस्या तेजी से बढ़ रही है। खान-पान की गलत आदतों के कारण होने वाले हार्मोन संबंधी असंतुलन को भी इसके लिए जिम्मेदार माना जाता है।

**प्रमुख लक्षण:** मन में बार-बार नकारात्मक विचार आना, हमेशा सशंकित रहना, वर्तमान को छोड़कर भविष्य के बारे में लगातार सोचते रहना, खुद को लाचार महसूस करना, दिल की धड़कन का तेज होना, पसीना आना, अनावश्यक थकान और सांस लेने में तकलीफ होना।



**बचाव-उपचार:** सोने-जागने का समय सुनिश्चित करें, जब मन परेशान हो तो गहरी सांस लें, योग और ध्यान करें, करीबी लोगों के साथ इस समस्या के बारे में खुलकर बातचीत करें, हमेशा अच्छा सोचें और मोटिवेशनल किताबें पढ़ें। इन प्रयासों के बावजूद अगर आपकी मनोदशा में कोई बदलाव न आए तो एक्सपर्ट से सलाह लें। काउंसलिंग और दवाओं की मदद से यह समस्या दूर हो जाती है।

**डिप्रेशन:** अगर किसी व्यक्ति के मन में उदासी और खालीपन की भावना लंबे समय तक बनी रहे तो ऐसी मनोदशा को डिप्रेशन कहा जाता है। आजकल महिलाओं में यह समस्या तेजी से बढ़ रही है। खासतौर पर डिलीवरी के बाद हार्मोन संबंधी असंतुलन, नवजात शिशु की देखभाल की वजह से दिनचर्या में अचानक आने वाला बदलाव, नींद की कमी और करियर की चिंता के कारण अधिकतर महिलाओं को अवसाद का सामना करना पड़ता है। इस तरह की समस्या को पोस्टपार्टम डिप्रेशन कहा जाता है। इसी तरह आजकल मिडिल एज महिलाओं में भी डिप्रेशन के लक्षण नजर आते हैं, क्योंकि उम्र के इस दौर में अधिकतर परिवारों की युवा संतानें उच्च शिक्षा या जॉब की वजह से घर से दूर चली जाती हैं। पति अपनी प्रोफेशनल लाइफ में बिजी रहते हैं, ऐसी स्थिति में अकेलेपन की वजह से महिलाओं के मन में गहरी उदासी की भावना घर कर जाती है। ऐसी मनोदशा को एंप्टीनेस सिंड्रोम कहा जाता है।

**लक्षण:** हमेशा अकेलापन और खालीपन महसूस करना, ज्यादा सोना या अनिद्रा, ओवर ईटिंग या भूख न लगना, अपनी रुचि से जुड़े कार्यों में भी दिलचस्पी कम होना, निर्णय लेने में कठिनाई महसूस होना, मन में हीन भावना पैदा होना, आत्मविश्वास में कमी महसूस होना।

**बचाव-उपचार:** अपनी रुचि से जुड़े कार्यों में स्वयं को व्यस्त रखें, खुशमिजाज लोगों से दोस्ती बढ़ाएं, कॉमेडी शोज देखें, मॉर्निंग वॉक और एक्सरसाइज करें, बच्चों के साथ वक्त बिताएं, पर्यटन स्थलों पर घूमने-फिरने जाएं, धार्मिक गतिविधियों में शामिल हों, बागवानी करें या घर में कोई पालतू जानवर रखें, फोन पर दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ गपशप करें। ऐसे छोटे-छोटे प्रयास डिप्रेशन दूर करने में मददगार होते हैं। जरूरत महसूस होने पर साइकेट्रिस्ट से सलाह लें। उपचार की मदद से इस समस्या को नियंत्रित किया जा सकता है।

प्रस्तुति: विनीता



## थोड़ा फूल बनकर-थोड़ा बनाकर हंसिए खुलकर

इस आपा-धापी भरी जिंदगी में जब भी हंसने-हंसाने का मौका मिले, चूकना नहीं चाहिए। फर्स्ट अप्रैल यानी फूल-डे जैसे अवसर पर फूल बनने या बनाने का मौका बिल्कुल भी नहीं छोड़ना चाहिए।

एंज्वॉयमेंट

चेतना झा

***मेरे दिलवर,** यह खत पाकर तुम शायद चौंक जाओ! चौंकने की बात भी है! मोबाइल कॉल, व्हाट्सएप, मैसेंजर के जमाने में खत! फ्रोजन शोल्डर, बढ़ी तोंद और सफेदी झांकते बाल के दौर में प्रेम पत्र! सच पूछो तो बस पंद्रह साल की देर हुई। यह खत तो तुम तक तभी पहुंचना था, जब कॉलेज में मेरी बेंच के पीछे तुम बैठा करते थे। याद है ना, दो चोटी वाली वह लड़की! नहीं याद आई? चलो और बताती हूं, वही जो तुम्हें कभी-कभी चोर निगाहों से देख लिया करती थी। अब भी नहीं पहचाने? ओह, वही जिसके नाक अकसर सुड़कती रहती थी। अब तो मैं तुम्हारे पड़ोस में आ गई हूं। खत मिलते ही छत पर चले आना, मैं तुम्हें सामने की बालकनी में दिखूंगी। तुम्हारी प्रतीक्षा में...*

***-तुम्हारी प्रिया***



सुबह अखबार उठाने के लिए मेन गेट तक आए सौरभ ने जब गुलाबी लिफाफे में यह खत देखा तो चौंककर वह आस-पास देखने लगा। मन ही मन सोचने लगा, 'किसी ने देखा तो नहीं। किसने भेजा यह खत? कॉलेज के दिनों की ऐसी किसी लड़की का तो मुझे याद ही नहीं। चलो एकांत में आज कॉलेज के साथी दुर्गेश से इसकी चर्चा करता हूं। शायद उसे याद हो।' पत्नी सोनम खिड़की से चिंतामग्न पति को देख कर मंद-मंद मुस्कुरा रही थी। भीतर आने पर चाय का प्याला पकड़ा कर शर्ट की पॉकेट से झांकते गुलाबी लिफाफे के बारे में पूछा तो पति महोदय घबरा उठे, 'कुछ नहीं.. कुछ नहीं... पेपर में आज विज्ञापन का पन्ना था, सो वही है।' अनमने ढंग से चाय पीते पति और उन्हें देख मुस्कुराती रही पत्नी। आज की सुबह तो वाकई खास थी। तभी पति कुर्सी पर से उठे तो पत्नी ने पूछा, 'कहां चल दिए, छत पर? उस दो चोटी वाली और नाक सुड़काने वाली प्रियतमा से मिलने!' पति अकबकाए खड़े और पत्नी हंसते-हंसते दोहरी होती जा रही। फिर बोली, 'अप्रैल फूल बनाया तो उनको...!' अब तो पति भी हंसते-हंसते बेहाल।

**थोड़ा बनिए-थोड़ा बनाइए:** बेशक अपनों के साथ हंसी-मजाक के लिए किसी विशेष दिन की दरकार नहीं होती। साथ ही अपनों को मूर्ख बनाने के संग, उनसे मूर्ख बनने का भी अपना एक अलग मजा है। ऐसे में अगर बात मूर्ख दिवस यानी फर्स्ट अप्रैल की आती है तो वैसा ही लाइसेंस-सा मिल जाता है, जैसा अभी-अभी बीते त्योहार होली में रंग लगाने पर मिला था 'बुरा ना मानो होली है...!'

तो तैयार हो जाइए, थोड़ा फूल बनाइए, थोड़ा बनिए और जिंदगी में फूलों सी मुस्कान बिखेरिए।

**रिश्तों का रिफ्रेश बटन:** गंभीरता का लबादा उतार कर अपनों के साथ की गई मीठी शरारतें यकीनन आपके रिश्तों पर रिफ्रेश बटन दबाने सरीखी होंगी। अप्रैल फूल बनने-बनाने के लिए एक दिन तो सीमाओं को तोड़िए, कभी कलीग से तो कभी दोस्तों से कुछ ऐसी चुहल कर अंत में बोलिए, 'अप्रैल फूल!' इसके बाद तो वे लंबे समय तक आपका नाम सामने आते ही मुस्करा देंगे, 'अरे वो...!' सिर्फ दोस्तों के साथ ही नहीं, अपने माता-पिता के साथ भी ऐसा कीजिए।

**मुस्कुराहट का कार्यस्थल:** थोड़ी शरारत तो कलीग्स से भी बनती है। एक बार ऑफिस ग्रुप में सबको भेज दीजिए, जल्दी आने और मीटिंग की सूचना और खुद आप आइए इत्मीनान से और फिर कहिए वही, 'अप्रैल फूल बनाया...!' किसी कलीग की पीठ पर 'किक मी' का मैसेज लगाकर देखिए। पूरा ऑफिस मुस्कुराता काम करेगा, इस दिन। क्रीमी बिस्किट की क्रीम हटा कर उसमें टूथपेस्ट सजाना, कंप्यूटर के पास नकली गिरगिट या सांप रख देना...! आइडिया तो बहुत हैं, आपको ही ढूंढ़ना होगा।

---

सजेशन

ललिता गोयल

## न्यूट्रिशस डाइट से आप रहेंगी मेंटली हेल्दी

मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए जीवनशैली में जरूरी बदलावों के साथ ही आपको अपनी डाइट पर भी ध्यान देना चाहिए। अगर आपका मूड स्विंग होता है, आप अकसर तनावग्रस्त रहती हैं या बेवजह डिप्रेशन फील करती हैं तो इसका मतलब यह नहीं कि आप किसी तरह के मानसिक रोग का शिकार हैं। हो सकता है, आपके शरीर में कुछ पोषक तत्वों की कमी की वजह से आपको इन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा हो। यह समझना बहुत जरूरी है कि बेहतर मेंटल हेल्थ के लिए हेल्दी खान-पान भी जरूरी होता है। कुछ फूड्स हमारी मेंटल हेल्थ को बेहतर करने में मददगार होते हैं।

**साबुत अनाज:** साबुत अनाज जैसे कि कॉर्न, बारले और क्विनोआ, ओट्स, बींस, सोया अपनी डाइट में शामिल करने से ओवरऑल मेंटल हेल्थ बेहतर होती है। ये अनाज डिप्रेशन, एंग्जायटी से बचाव में भी मदद करते हैं।



**हरी पत्तेदार सब्जियां:** भोजन में पालक और अन्य हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने से मेंटल हेल्थ को लाभ मिलता है। इन पत्तेदार सब्जियों में ओमेगा 3 फैटी एसिड, मैग्नीशियम और आयरन जैसे महत्वपूर्ण न्यूट्रिएंट्स भी पाए जाते हैं, जो मेंटल हेल्थ के लिए काफी जरूरी होते हैं।

**बेरीज:** एक रिसर्च के अनुसार बेरीज खाने से मूड बेहतर करने में मदद मिलती है। इसके साथ ही ये डिप्रेशन के लक्षणों को भी कम करता है।

**सूखे मेवे:** सूखे मेवे जैसे कि काजू, बादाम, अखरोट, किशमिश और सीड्स जैसे चिया सीड्स में ओमेगा 3 फैटी एसिड एवं अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं। ये मूड और मेंटल हेल्थ को बेहतर करने में मदद करते हैं।

**टमाटर:** टमाटर में मौजूद फाइटोन्यूट्रिएंट लाइकोपीन, अल्जाइमर और डिमेंशिया जैसी दिमाग से जुड़ी बीमारियों से बचाव करने में मदद करता है। इसे अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।

**केला:** केले में विटामिन-बी 6 पाया जाता है, जो दिमाग के न्यूरोट्रांसमीटर सेरोटोनिन और डोपामाइन का संचार बढ़ाता है। इससे मूड अच्छा होने में मदद मिलती है।

**(डायटीशियन शीला सहरावत से बातचीत पर आधारित)**

---



हेयर केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

अगर आप डेंड्रफ की प्रॉब्लम से परेशान हैं तो दवाइयों या केमिकल बेस्ड कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स की बजाय कुछ होम रेमिडीज अप्लाई कर सकती हैं। ये रेमिडीज आप बहुत आसानी से घर में कर सकती हैं और इसके बहुत अच्छे परिणाम आते हैं।

## क्या आप डेंड्रफ से हैं परेशान अप्लाई करें ये होम रेमिडीज

सिर के बालों में डेंड्रफ यानी रूसी होना कॉमन प्रॉब्लम है। मौसम कोई भी हो, बालों में रूसी की समस्या कुछ लोगों को बहुत परेशान करती है। आयुर्वेद के अनुसार पित्त और कफ के असंतुलित हो जाने के कारण यह समस्या होती है। हमारे शरीर में उपस्थित कफ और वात के असंतुलित हो जाने पर यह रक्त में मिलकर खून को गंदा कर देते हैं। यही सिर के रोम छिद्र को बंद कर देते हैं। जिससे सिर की त्वचा रूखी होने लगती है और सिर पर पपड़ी जमने लगती है, जिसे रूसी कहते हैं। डेंड्रफ न केवल देखने में खराब लगता है बल्कि खुजली और जलन भी पैदा करती है। स्कैल्प में होने वाला डेंड्रफ फंगस के कारण होता है, जो सिर की सतह से सीबम और डेड स्किन सेल्स से बढ़ता है। डेंड्रफ के फ्लेक्स, छोटे-बड़े कई आकार के हो सकते हैं और बालों में कंघी करने से भी नहीं निकलते हैं।

**डेंड्रफ होने के कारण:** डेंड्रफ कई कारणों से हो सकता है, जिनमें शुष्क त्वचा, तैलीय त्वचा, फंगल इंफेक्शन, विटामिन-बी की कमी, मानसिक तनाव और कुछ मेडिकल कंडीशंस भी शामिल हैं। इनके अलावा केमिकल युक्त हेयर प्रोडक्ट्स का यूज करने, अस्त-व्यस्त जीवनशैली, बालों में गंदगी, बालों की सही देख-रेख न करने और



रोज गर्म पानी से सिर धोने पर भी डेंड्रफ हो सकती है। इससे निजात पाने के लिए आप कुछ होम रेमिडीज अप्लाई कर सकती हैं।

**नारियल तेल है कारगर:** नारियल के तेल से स्कैल्प की मालिश करने से सिर में रक्त संचार बढ़ता है। नारियल का तेल लगाने से स्कैल्प मॉयश्चराइज होती है, जिससे डेंड्रफ को कम करने में मदद मिलती है। हल्का गर्म करके नारियल का तेल स्कैल्प पर लगाएं और कुछ घंटों के लिए छोड़ दें। फिर माइल्ड शैंपू से धो लें। इससे काफी राहत मिलेगी।

नारियल तेल और नीबू के रस को बराबर मात्रा में मिलाएं। इस मिश्रण को आप अपने स्कैल्प पर लगाकर हल्के हाथों से मसाज करें। इसे एक घंटे तक लगा रहने दें और फिर शैंपू कर लें। बेहतर परिणाम के लिए आप इसको हफ्ते में तीन बार इस्तेमाल कर सकती हैं।

**यूज करें एलोवेरा जैल:** डेंड्रफ की समस्या खत्म करने के लिए बालों पर एलोवेरा लगाना भी काफी फायदेमंद माना जाता है। एलोवेरा अपने एंटीफंगल और एंटी इंफ्लेमेटरी गुणों के कारण डेंड्रफ के लिए प्रभावी होता है। यह खुजली और सिर की जलन को शांत करने में भी मदद कर सकता है। इसके लिए



एलोवेरा जैल को अपने स्कैल्प और बालों पर लगाएं। इसे 30 मिनट से एक घंटे तक लगा रहने दें और फिर हल्के शैंपू से अच्छी तरह धो लें। आप इस प्रक्रिया को हफ्ते में 2-3 बार दोहरा सकती हैं। हालांकि सीधे बालों पर एलोवेरा जैल लगाने से पहले आपको एक बार पैच टेस्ट अवश्य कर लेना चाहिए।

एलोवेरा जैल में नीबू के रस की कुछ बूंदें और ग्लिसरीन मिला लें। अब इस मिश्रण से स्कैल्प पर मसाज करें। 15 मिनट मसाज करने के बाद इसे 15 मिनट के लिए लगा रहने दें। उसके बाद गुनगुने पानी से बालों को धो लें। बालों को धोने के लिए माइल्ड शैंपू और कंडिशनर का ही इस्तेमाल करें।

**अप्लाई करें दही:** दही में एंटीफंगल गुण होते हैं, जो डेंड्रफ को कम करने में मदद करते हैं। दही को बालों की जड़ों से सिरों तक अंगुलियों से मलते हुए लगाएं और आधे घंटे बाद बालों को ताजे पानी से धो डालें। इससे बालों की अच्छी सफाई हो जाती है और डेंड्रफ दूर होते हैं।



दही में नीबू का रस, बेसन मिलाकर सिर पर लगाने से भी डेंड्रफ दूर होता है। दही और एलोवेरा जैल का मिश्रण भी बालों के डेंड्रफ का प्रभावी उपाय है।

**मेथी दाना:** डेंड्रफ हटाने के लिए मेथी के दानों को रात भर पानी में भिगोकर रखें। अगली सुबह इन दानों को पीसें और बालों पर लगाकर आधे घंटे बाद ताजे साफ पानी से धो डालें। मेथी, डेंड्रफ दूर करने के साथ बालों की कई समस्याओं को दूर कर देती है।

---

स्पेशल : ऑटिज्म अवेयरनेस मंथ (अप्रैल)


आजकल बच्चे अपना ज्यादातर समय स्मार्ट गैजेट्स के साथ बीता रहे हैं, इसका बच्चों के समग्र विकास पर बुरा प्रभाव पड़ता है। वे ऑटिज्म का शिकार हो रहे हैं। समय रहते हमें अपने बच्चों को ऑटिज्म की ओर बढ़ने से रोकना होगा। यह कैसे संभव है, जरूरी सलाह।

## स्क्रीन वर्ल्ड में खोए बच्चे ऑटिज्म का जोखिम

बच्चे और आप

डॉ. मोनिका शर्मा

आजकल बच्चों के पास स्मार्ट गैजेट्स होना आम बात है। बोलने-समझने की उम्र से पहले ही स्क्रीन में झांकते रहने की आदत इन मासूमों के सहज विकास में बड़ी बाधा बन गई है। कभी गेम, कभी कार्टून फिल्म। पलक तक झपकाना भूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों का स्क्रीन वर्ल्ड में खोए रहना बहुत-सी व्याधियों को न्योता देता है। परवरिश के परंपरागत रंग-ढंग की जगह ले रहा तकनीकी जाल, बच्चों को वर्चुअल ऑटिज्म का शिकार बना रहा है। बहुत छोटे बच्चों में स्क्रीन यानी टेलीविजन, स्मार्ट फोन, टैबलेट जैसे गैजेट्स के अत्यधिक इस्तेमाल से वर्चुअल ऑटिज्म की समस्या पैदा होती है। आभासी संसार में खोए रहने वाले बच्चे सामाजिक संपर्क बनाने में असहज महसूस करते हैं। देरी से बोलना सीखते हैं। दूसरी की बात समझने में कठिनाई होने लगती है। कई मामलों में दोहराव पूर्ण व्यवहार जैसे कई लक्षण उनमें दिखाई देने लगते हैं।



**समस्याओं का घेरा:** हालिया वर्षों में पैरेंटिंग के मोर्चे पर डिजिटल गैजेट्स के इस्तेमाल की अति से बच्चों को बचाने की जिम्मेदारी भी जुड़ गई है। यह डिजिटल व्यस्तता बालमन को कमोबेश हर मामले में नुकसान पहुंचाने वाली है। बच्चों के मानसिक-मनोवैज्ञानिक विकास को प्रभावित करने वाली वर्चुअल ऑटिज्म प्रॉब्लम, कई दूसरी व्याधियों की भी जड़ है। चिंतनीय है कि जीवन के शुरुआती पड़ाव पर ही स्क्रीन को देखते रहने से वर्चुअल ऑटिज्म के घेरे में आ रहे बच्चों का अटेंशन स्पैन (एकाग्रता अवधि) भी कम हो जाता है। बर्ताव में चिड़चिड़ापन और विचारों में उलझन-अस्पष्टता जगह बना लेती है। कई बार पुकारे जाने पर भी रिएक्ट नहीं करते। ऐसे बच्चे हाइपर एक्टिव हो जाते हैं। बहुत से बच्चे अपने पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर या किसी ऑनलाइन खेल के कैरेक्टर की तरह बोलने-बतियाने लगते हैं। कम उम्र में बढ़ते स्क्रीन टाइम से न्यूरोलॉजिकल बीमारियों के घेरे में आ रहे हैं। आम जीवन से कट जाने वाले ऐसे बच्चे फोकस्ड नहीं रह पाते। किसी भी बात या काम पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाना आगे चलकर व्यक्तिगत ही नहीं, अकादमिक जीवन को भी प्रभावित करता है।

**गैजेट एक्सपोजर घटाएं पैरेंट्स:** गैजेट्स के साथ बहुत अधिक समय बिताने वाले बच्चों को हरदम स्क्रीन पर दिखते कंटेंट से एकतरफा संवाद सुनने की आदत हो जाती है, जिसके चलते सहजता से कुछ बोल नहीं पाते। बातचीत के सहज हाव-भाव नहीं सीखते। पहले बहुत छोटे बच्चों का यह समय घर के बड़े-बुजुर्गों या पैरेंट्स के साथ बीतता था। सहज इंसानी बातचीत सुनते हुए बड़े होने वाले बच्चे भी आसानी से बोलना सीख जाते थे। हर तरह के मनोभाव को जताना उन्हें आ जाता था। बच्चों के बढ़ते स्क्रीन टाइम ने दूसरों की बातों को सुनना-समझना भुला दिया है। बालमन सहज प्रतिक्रिया भूल गया है। बच्चे दूसरों से मेल-जोल में भी असहज महसूस करते हैं। इन समस्याओं का हल गैजेट्स से दूरी बरतना ही है। संभव हो तो पांच साल की उम्र तक के बच्चों को डिजिटल उपकरणों से पूरी तरह दूर रखें। वर्चुअल ऑटिज्म पांच-सात वर्ष से छोटे बच्चों में ही अधिक होता है। इस आयुवर्ग तक के बच्चों के साथ समय बिताने में पैरेंट्स भी रुचि लें।

### समय रहते चेतें



आज के तकनीकी दौर में परवरिश के मोर्चे पर सामने आ रही वर्चुअल ऑटिज्म की समस्या को लेकर समय रहते चेतना जरूरी है। बच्चों को वर्चुअल दुनिया नहीं, बल्कि असली संसार से जोड़ना आवश्यक है। मनोरंजन के परंपरागत माध्यमों का चुनाव, घर के बुजुर्गों का साथ-संवाद और गैर-डिजिटल गतिविधियों को बढ़ावा देना ही इस समस्या से बचा सकता है। अप्रैल का यह पूरा महीना ऑटिज्म की प्रॉब्लम्स को लेकर अवेयरनेस लाने से जुड़ा है। ऐसे में वर्चुअल ऑटिज्म के जोखिम में आ रहे बच्चों को लेकर भी जागरूक होना आवश्यक है।

## खबर संक्षेप

### मोटरसाइकिल चोरी का आरोपित गिरफ्तार

जींद। थाना सदर टीम ने बाइक चोरी करने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान संजय वासी खेड़ी तलौडा जिला जींद के रूप में हुई है। थाना सदर प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि अमित कुमार वासी गांव बराह कलां 28 मार्च को बाइक चोरी की शिकायत दी थी कि एक युवक बाइक स्टार्ट करने की कोशिश कर रहा है।

### यज्ञ संस्कृति का सबसे पावन संस्कारः सिहाग

जींद। आधारशिला विद्यालय में सत्र 2025-26 का शुभारंभ धार्मिक अनुष्ठान हवन से किया गया। आगामी वर्षों में स्कूल के सुचारू संचालन के लिए भगवान से प्रार्थना करते हुए दिव्य वैदिक मंत्रों का उच्चारण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक समीति के अध्यक्ष संदीप सिहाग उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि हवन करने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

### आओ विरासत को याद करो अभियान आठ से

जींद। भारत की जनवादी नौजवान सभा की जिला कमेटी बैठक अजायब गुरुसर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए नरेश व जितेंद्र ने कहा कि आओ विरासत को याद करो अभियान के तहत हर जिले में आठ से 14 अप्रैल तक एक सप्ताह सेमिनार, विचार गोष्ठी, खेल प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे।

### खेत से सोलर मोटर व सामान चोरी, केस दर्ज

जींद। गांव भिखेवाला खेतों से बीती रात चोरों ने सोलर मोटर व अन्य सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव भिखेवाला निवासी रामफल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके खेत दनौदा रोड पर पड़ते हैं। बीती रात चोरों ने उसके खेत से सोलर मोटर तथा अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### राजकीय स्कूल से इन्वर्टर व बैट्री चोरी

जींद। गांव कुरड में बीती रात चोरों ने सरकारी स्कूल के कमरे का ताला तोड़ कर इन्वर्टर, दो बैटरी को चोरी कर लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव कुरड सरकारी स्कूल के मुखिया सुधीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने सरकारी स्कूल के कमरे का ताला तोड़ कर इन्वर्टर, दो बैटरी को चोरी कर लिया।

### संदिग्ध हालात में महिला लापता, शिकायत दर्ज

जींद। शिव कालोनी से महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिव कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 28 वर्षीय पत्नी घर से संदिग्ध हालात में गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसका कोई सुराग नहीं लगा।

### हमला कर दो लोगों को किया घायल, केस दर्ज

जींद। गांव बद्दोवाला खेतों में दो लोगों के साथ मारपीट कर घायल करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नरवाना निवासी दलेल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव बद्दोवाला में जमीन खरीदी हुई है। बीती शाम वह खेत में महेंद्र तथा सुखबीर के साथ खा पी रहा था।

### बाल उपवन आश्रम से 15 वर्षीय किशोर लापता

कैथल। कोठी गेट स्थित बाल उपवन आश्रम से 15 साल का एक किशोर लापता हो गया। किशोर रात करीब साढ़े आठ बजे मंदिर में पूजा-पाठ करने की बात कहकर बाहर गया था। जब काफी देर तक वापस नहीं लौटा तो आश्रम के कर्मचारियों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। रातभर आश्रम के कर्मचारी उसकी तलाश में लगे रहे। फिर भी नहीं मिला।

## चैत्र नवरात्र: मां दुर्गा की अराधना से शहर भक्तिमय

# दूसरे दिन भक्तों ने बृह्मचारिणी मां चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की

## सुबह पांच बजे से ही मंदिर में भक्तों की लाइन लगनी प्रारंभ हुई

नवरात्र पर्व इन्हीं महाशक्ति की आराधना का सर्वश्रेष्ठ व प्रषस्त काल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन सोमवार को श्रद्धालुओं ने मां ब्रह्मचारिणी व मां चंद्रघंटा की अराधना की। मंदिर श्रद्धालुओं से खचाखच भरे रहे। नवरात्रों में शहर में जगह-जगह कीर्तन आयोजित होने के कारण पूरा शहर मां दुर्गा की भक्ति में लीन हो गया है। जैसे-जैसे शाम होनी शुरू होती है वैसे-वैसे मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की संख्या भी बढने लगती है। नवरात्रों के दूसरे दिन भक्तों ने मां बृह्मचारिणी व मां चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की और सुखद भविष्य की कामना की। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि सुबह पांच बजे से ही मंदिर में भक्तों की लाइन लगनी शुरू हो जाती है। जिनमें महिलाओं तथा छोटे बच्चों की संख्या अधिक होती है। उन्होंने बताया कि अन्य दिनों की अपेक्षा नवरात्रों में भक्तों की भीड़ मंदिरों में



जींद। जयंती देवी मंदिर में भगवती की पूजा करते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि



जींद। विश्व कल्याण को लेकर आयोजित यज्ञ में आहूति डालते श्रद्धालु।

ज्यादा जुटती है। श्रद्धालु जल्द से जल्द मां दुर्गा के दर्शनों के अभिलाषी होते हैं। श्रद्धालुओं का यह क्रम सुबह 11 बजे तक चलता है। शाम पांच बजे से श्रद्धालु फिर से मंदिर में आना शुरू हो जाते हैं। इसी समय भजन संध्या का भी आयोजन किया जाता है। इसके अलावा रघुनाथ मंदिर, शीतला माता मंदिर, वैष्णवी धाम, बनभौरी माता, राधा कृष्ण मंदिर, दुर्गा मंदिर, हनुमान मंदिर में आयोजित सत्संग तथा कीर्तनों से पूरा शहर भक्तिमय हो गया है। महाशक्ति की आराधना का प्रशस्त काल है नवरात्र : आचार्य पवन शर्मा : आचार्य पवन शर्मा ने कहा कि शाश्वत सुख, अखंड आनंद, परम शांति यही है सृष्टि के समस्त जीवों की नैसर्गिक भूख। किंतु यह तभी शांत होगी जब मनुष्य को पूर्ण ब्रह्म परमात्मा का साक्षात्कार हो जाए। वस्तुतः जगजननी मां जगदंबा ही परब्रह्म परमात्मा है जो जगत में विभिन्न रूपों में विविध लीलाएं कर रही है। नवरात्र पर्व इन्हीं महाशक्ति की आराधना का सर्वश्रेष्ठ व प्रषस्त काल है। आचार्य पवन शर्मा माता वैष्णवी धाम में आयोजित नवार्ण महायज्ञ के शुभारंभ पर उपस्थित मातृभक्तों को संबोधित किया। श्रद्धालुओं ने सपरिवार मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना कर महायज्ञ में आहुति दी। आचार्य ने कहा कि दो शब्दों के संयोग से बना है नवरात्र। नव का अर्थ है नौ व रात्र का अर्थ है रात्रि समूह। नवाणां रात्रीणां समाहार नवरात्रं। इन नवरात्रों में भारतवर्ष की समस्त जनता अशुभ की निवृति और शुभ की प्राप्ति हेतु मां दुर्गा की संपूर्ण श्रद्धा एवं निष्ठा के साथ पूजा-उपासना में रत रहती है। ये महाशक्ति ही नव दुर्गा है और ये ही दस महाविद्या है। ये ही सृजन, पालन व संहार करने वाली आदिनारायणी शक्ति है। आज जो संपूर्ण विश्व में अशान्ति छाई हुई है। लोग रोग व शोक से ग्रसित होते जा रहे हैं, इसका एकमात्र कारण शक्ति की आराधना से विमुख होना है।

# जींद-रोहतक रोड गड्ढों में तब्दील

- रोहतक रोड की हालत चिंताजनक टांकी लगा चलाया जा रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। रोहतक रोड सड़क के गड्ढों को भरता प्रशासन। फोटो :हरिभूमि

जींद विकास संगठन के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने आरोप लगाया है कि जींद-रोहतक रोड की हालत बेहद खराब हो चुकी है। देवीलाल चौक से लेकर रोहतक रोड बाईपास तक सड़क के दोनों तरफ छोटे बड़े हजारों टुकड़े हो चुके हैं। जिसके चलते लोग भारी परेशान हैं। आए दिन सड़क पर लीपापोती कर खानापूर्ति की जा रही है लेकिन स्थायी समाधान नही निकाला जा रहा है। सड़क पर बने गड्ढे और उखड़ी हुई सतह के कारण वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गोयल ने मांग की है कि इस सड़क को फोरलेन बनवाया जाए और बीच में सुंदर डिवाइडर बनाया जाए। गोयल ने कहा कि इस रोहतक रोड पर हर रोज हजारों की संख्या में वाहनों का आवागमन होता है। यह सड़क दो साल से टूटी हुई है, जो अब पूरी तरह से गड्ढों में तबदील हो चुकी है। इस सड़क को नए सिरे से बनवाने को लेकर कई बार मांग की जा चुकी है लेकिन प्रशासन ने अभी तक इस ओर कोई ध्यान नही दिया है। गोयल ने प्रशासन से इस सड़क को नए सिरे से बनाने की मांग की है।



जींद। पत्रिका दिखाते सीएम मीडिया कोआर्डिनेटर अशोक छाबडा व अन्य पत्रकार।

## पत्रकारिता को लेकर मंथन

जींद। विश्राम गृह में मीडिया क्लब जींद के तत्वावधान में सोमवार को पत्रिका वितरण समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में सीएम मीडिया कोऑर्डिनेटर अशोक छाबड़ा, हरियाणा विवि के डिप्टी स्पीकर के मीडिया कोऑर्डिनेटर सन्नी मग्गू को पत्रकारों द्वारा सममानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मीडिया क्लब जींद प्रधान सुरेंद्र कुमार ने की। कार्यक्रम में डीआईपीआरओ कृष्ण कुमार भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री मीडिया कोऑर्डिनेटर अशोक छाबड़ा ने कहा कि सकारात्मक पत्रकारिता एक ऐसा माध्यम है, जो समाज में उम्मीद, प्रेरणा और रचनात्मकता को बढ़ावा देता है। यह नकारात्मकता और सनसनीखेज खबरों के बजाय उन विषयों पर केंद्रित होती है जो मानवीय मूल्यों, उपलब्धियों और समाधानों को उजागर करती हैं।

### सहायक व्यक्तियों की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

जींद। जिला कार्यक्रम अधिकारी कांता यादव ने जानकारी बताया कि जिला में पोक्सो अधिनियम 2012 की धारा 39 के अंतर्गत सहायक व्यक्तियों की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। पॉक्सो मामलों के लिए सहायक व्यक्ति के कुल चार पदों के लिए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। जिनमें तीन पद महिलाओं के लिए आरक्षित हैं तथा एक पद पुरुषों के लिए निर्धारित किया गया है। इन पदों के लिए पात्रता हेतु समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, समाज कार्य, बाल विकास में स्नातकोत्तर डिग्री आवश्यक है अथवा बाल शिक्षाए विकास एवं संरक्षण से संबंधित कार्यों में न्यूनतम तीन वर्षों के अनुभव के साथ स्नातक अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त पोक्सो नियम 2020 के तहत बाल अधिकार एवं संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय संगठनों के प्रतिनिधि भी आवेदन कर सकते हैं।

### सदमार्ग पर चलने का संदेश दिया

पूंडरी संगरौली स्थित साधवाला में मां वैष्णो देवी मंदिर के आश्रम में महंत दूधाधारी बाबा राम गिरी जी महाराज का भक्तों ने आशीर्वाद लिया। भाजपा नेता अशोक गु'जर ने विशेष रूप से शिरकत की और बाबा राम गिरी जी के चरणों में नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। महंत दूधाधारी बाबा राम गिरी जी महाराज ने श्रद्धालुओं को धर्म और सदमार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भक्ति, सेवा और सद्भावना ही जीवन को सार्थक बनाती है। बाबा जी ने क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि और मंगल जीवन की कामना की। भाजपा नेता अशोक गु'जर ने इस धार्मिक आयोजन में शामिल होकर मंदिर में पूजा-अर्चना की और बाबा जी का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि साधवाला का यह मंदिर क्षेत्रवासियों की आस्था का केंद्र है, जहां भक्तगण बड़े श्रद्धा भाव से पहुंचते हैं।



कार्यक्रम के दौरान सरपंचों व ग्रामीणों के साथ भाजपा नेता अशोक गुर्जर।



राजौंद। रैली के दौरान विद्यार्थी व अन्य। फोटो :हरिभूमि

### विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रेरित किया

राजौंद। नगर के मॉडल स्कूल में 31 मार्च को प्रवेशोत्सव के लिए एनएसएस वालंटियर्स ने नगर में रैली निकाली। प्रधानाचार्य विजेंदर सिंह ने बच्चों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। भूपेंद्र सिंह, गुरनाम, बिजेंद्र सिंह, मंजेश सिंह, मंजू, रितु, प्रिंस, प्रशांत आदि साथियों ने घर - घर जा कर नए बच्चों को विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रेरित किया। वालंटियर्स ने सभी को विद्यालय में हो रही एन एस एस व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस दौरान बच्चों द्वारा विद्यालय की नई बिल्डिंग के पास लगाए गए पेड़ - पौधों की कटाई - छटाई, पानी देना व खाद आदि डाला गया। विकास नेहरा ने बच्चों को जलपान करा कर उन्हें अपने भविष्य में समाजसेवा के लिए जागरूक रहने और लगन व मेहनत के साथ अगली कक्षाओं में अच्छे अंक ले कर पास होने की सीख दी।

### ओपी जिन्दल को श्रद्धा सुमन अर्पित किए

कैथल। इस्पात जगत के पुरोधा पूर्व बिजली मंत्री ओ.पी. जिन्दल की पुण्यतिथि पर जिन्दल हाउस, कुरुक्षेत्र रोड़ में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यालय प्रभारी शंकर गोयल ने बताया कि आज पुष्पांजलि कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं और आमजन ने ओपी जिन्दल को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उनके समाजसेवा के कार्यो को याद किया गया। कहा कि ओपी जिन्दल द्वारा समाज सेवा के लिए क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करवाए गए हैं। राजनीति में आने का उनका मकसद समाज की सेवा था। कहा कि समाज सेवा के लिए हर समय तत्पर रहने की परम्परा उन्होंने अपने परिवार में कूट-कूट कर भरी है। वि मौर्य मंडल अध्यक्ष सीवन, सुशील पांचाल मंडल अध्यक्ष राजोद, धीरेंद्र मंडल अध्यक्ष क्योड़क, मनोज राणा मंडल अध्यक्ष पुंडरी, राजपाल तंवर, कृष्ण बंसल, मनोज दुआ मौजूद रहे।



कैथल। स्वर्गीय ओपी जिंदल को याद करते नेता व सदस्य।



स्व. ओपी जिंदल के चित्र के समक्ष श्रद्धांजलि अर्पित करते देवीदयाल बरसाना।

### स्व. ओपी जिंदल को किया नमन

पूंडरी। राजनीति के शिखर पुरूष, इस्पात जगत के पुरोधा एवं समाजसेवी स्व. ओपी जिंदल की 20वीं पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं अनाज मंडी पूंडरी के पूर्व प्रधान देवीदयाल बरसाना ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्व. ओपी जिंदल ने अपनी कड़ी मेहनत, दूरदर्शिता और समाज सेवा के जरिए देश और समाज के लिए अभूतपूर्व योगदान दिया। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि ओ.पी. जिंदल का जीवन संघर्ष और समर्पण की मिसाल है। उनके द्वारा स्थापित उद्योग समूह और समाजसेवा के कार्यों ने न केवल राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को मजबूती दी, बल्कि उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज की उन्नति के लिए भी कई अहम कदम उठाए।



जींद। सीएम मीडिया कोऑर्डिनेटर को ज्ञापन सौंपते एबीवीपी कार्यकर्ता।

### एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन

जींद। अभाविप ने सोमवार को डिप्टी स्पीकर एवं सीएम मीडिया कोऑर्डिनेट अशोक छाबड़ा को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने सरकार से मांग की कि जींद यूनिवर्सिटी को विस्कति करने के लिए जमीन दी जाए। विवि में टीचिंग ब्लॉक तीन ब्लॉक का निर्माण करवाया जाए। राजकीय कालेज जींद में ऑडिटोरियम व आट्र्स ब्लॉक बनाया जाए। एबीवीपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन सैनी ने बताया कि विवि के लिए 100 एकड़ जमीन मांग सदन में उठी थी। कालेज के ऑडिटोरियम की घोषणा हुई थी जिस पर कोई कार्रवाई नही की गई। इसके अलावा आट्र्स ब्लॉक की मांग इसलिए है क्योंकि सरकार ने ग्रेडेशन 4 साल कर दी है। जिसके साथ आने वाले समय यूनिवर्सिटी और कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए बैठने के लिए जगह भी नहीं बची है।

# विदाई समारोह का आयोजन किया

- जिला उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश सैनी को सेवानिवृति पर दी विदाई पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



सेवानिवृति पर डॉ. राजेश सैनी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते स्टाफ सदस्य

जिला उच्च शिक्षा अधिकारी एवं श्री कपिल मुनि राजकीय महिला कॉलेज कलायत के प्रिंसीपल डा. राजेश सैनी विभाग में 35 वर्षों की सेवा देने उपरान्त सेवानिवृत्त हो गए। इस उपलक्ष्य में विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अतिरिक्त उपायुक्त आईएएस दीपक बाबू लाल करवा सहित जिले भर के अधिकारियों, कर्मचारियों, समाजसेवी लोगों सहित परिवार के लोगों ने भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए विदाई दी। उन्होंने लेक्चरर, एसोसिएट प्रोफेसर और प्राचार्य के पद पर अपनी सेवाएं दी है। श्री कपिल मुनि राजकीय महिला कालेज कलायत के सीनियर प्रोफेसर डॉ. सुनील गर्ग ने बताया कि डा. राजेश सैनी ने विभाग में अपनी बेहतरीन सेवाएं दी। उन्होंने अपनी कार्यशैली से विभाग में एक अलग ही छाप छोड़ी हैं, जिससे अन्य कर्मचारियों को भी प्रेरणा मिलती रहेगी। उन्होंने विभाग में ईमानदारी से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करते हुए अपनी अलग पहचान बनाई है, जोकि आने वाले लोगों के लिए प्रेरणादायक है। इन्होंने अपने कार्य के साथ-साथ कार्यालय के अन्य कार्यों में भी रूचि लेकर काम किया है, जोकि सराहनीय है।



जींद। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित किया

जींद। डीएन मॉडल स्कूल में सोमवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य अवनीश कुमार व प्राचार्या राज रेढू व निदेशक वीरेंद्र ढिल्लो ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके की। बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। विद्यालय की प्राचार्या राज रेढू व निदेशक वीरेंद्र ढिल्लो ने सभी विद्यार्थियों व अभिभावकों को बधाई दी। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहाए तथा प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान व मेरिट स्थान प्राप्त करने वाले लगभग 491 मेधावी छात्रों को आकर्षित पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विद्यालय के निदेशक वीरेंद्र ढिल्लो ने सभी विद्यार्थियों को और अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए निरंतर आगे बढने के लिए प्रेरित किया।

## नमाज अदा करके अल्लाह से मांगी अमन व चैन की दुआ

# जिलेभर में धूमधाम से मनाया ईद-उल-फितर

- एक-दूसरे को गले मिलकर दी बधाई, खूफिया एजेंसियां रही सतर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। ईद-उल-फितर पर नमाज अता करते लोग। फोटो :हरिभूमि

जिलेभर में सोमवार को ईद-उल-फितर पर्व श्रद्धा एवं विश्वास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर इस्लाम धर्म के अनुयायियों ने ईदगाह में नमाज अता करके अल्ला ताला से बरकत तथा अमन चैन की की दुआ मांगी। हांसी ब्रांच नहर के निकट ईदगाह में ईद-उल-फितर पर्व पर नवाज अता करने के लिए इस्लाम धर्म के अनुयायी सोमवार सुबह से ही ईदगाह में जमा होना शुरू हो गए थे। हजारों की संख्या में मुसलमानों ने नमाज अता की तथा सदका, फितरा, जकात जमा कराई, वहीं गरीबों को दान दिया। कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के बेटे रूद्राक्ष मिड्ढा ने शिरकत की और इस्लाम धर्म के अनुयायियों के साथ बैठे। ईद-उल-फितर पर्व को देखते हुए ईदगाह के निकट पुलिसबल तथा खूफिया एजेंसियों के लोगों ने लगातार निगाहें जमाए रखी। जामा मस्जिद के इमाम दीन मोहम्मद ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को नमाज पढ़ाई तथा भाइचारे को मजबूत करने व विश्व शांति, कौमी एकता की दुआ अल्लाताला से मांगी। उन्होंने बताया कि यह पर्व हमें हजरत इब्राहिम के बलिदान की याद दिलाता है, जिससे मानवता को उच्च नैतिक मूल्यों के लिए स्वयं को समर्पित करने की प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर उन्होंने कुरान की आयतें पढ़ीं। बाद में सभी ने एक दूसरे को गले मिल कर ईद-उल-फितर की बधाई दी तथा सुखद भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मेले का भी आयोजन किया गया। मस्जिद के बाहर खिलौनों, मिठाइयों, चाट पकौड़ी की दुकाने सजाई गई थी। नमाज अता करने के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने जमकर खरीददारी की व एक दूसरे को ईद की बधाई दी।



जींद। सम्मेलन को संबोधित करते वक्ता। फोटो :हरिभूमि

### बारह को होगा मास डेपुटेशन कार्यक्रम

जींद। मिड डे मील वर्कर्स यूनियन का पांचवां सम्मेलन सोमवार को संपन्न हुआ। सम्मेलन में प्रधान राजरानी, महासचिव जय भगवान और कोषाध्यक्ष सत्यवान को मनोनित किया गया। सम्मेलन में निर्णय लिया कि मिड डे मील वर्कर्स की मांगो को लेकर 12 अप्रैल को पानीपत में शिक्षा मंत्री के आवास पर मास डेपुटेशन का कार्यक्रम होगा। वहीं यूनियन ने 20 मई को हड़ताल पर जाने का फैसला किया है। इस दिन कोई भी मिड डे मील वर्कर खाना नहीं बनाएगी। हड़ताल कर प्रदर्शनों में शामिल होगी। सम्मेलन को संबोधित करते जयभगवान ने कहा कि सरकार सार्वजनिक शिक्षा के मौजूदा ढांचे को समाप्त करना चाहती है। हरियाणा के शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री चिराग योजना के नाम पर सरकारी स्कूलों पर ताला लगवाना चाहते हैं। उन्हें यह योजना तुरंत बंद करनी चाहिए जो सरकारी स्कूलों से बच्चे निकल कर निजी स्कूलों में डलवा रही है।

## खबर संक्षेप

### भगत सिंह युवा समिति ने 300 पौधे लिए गोद

**जींद।** शहीद भगत सिंह युवा समिति के युवाओं ने ग्राम पंचायत कंडेला से 300 पौधे गोद लिए और पेड़ बनने तक पूरी जिम्मेवारी ली। इस दौरान प्रधान राकेश कंडेला ने बताया कि शहीद ए आजम भगत सिंह युवा समिति के युवा हर रविवार को गांव के सार्वजनिक स्थानों पर सफाई अभियान चलाएंगे और 300 पौधों को पेड़ बनने तक उनकी पूरी देखभाल करेंगे।

### जिले में 69 बच्चो के चेहरों पर लौटी मुस्कान

**जींद।** राष्ट्रीय बाल अधिकार सरंक्षण आयोग के निर्देश पर बाल श्रम के विरुद्ध राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत चलाए गए मिशन मुस्कान के दौरान जींद जिले से कुल 69 बच्चो को रेस्क्यू करके उनके चेहरों पर मुस्कान लौटाई गई है। जिला समन्वयक नरेंद्र शर्मा ने बताया कि आयोग के निर्देश पर एक मार्च से 31 मार्च तक यह राष्ट्रव्यापी अभियान हरियाणा सहित पूरे देश में चलाया गया।

### जिले में 831.40 एमटी सरसों की हुई खरीद

**जींद।** एडीसी विवेक आर्य ने बताया कि जिले में रबी सीजन की सरसों खरीद प्रक्रिया जारी है। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार खरीद एजेंसियों द्वारा निर्धारित मानदंडों के तहत सरसों की खरीद की जा रही है। विभिन्न मंडियों में शनिवार तक सरसों की कुल खरीद 831.40 मीट्रिक टन तक पहुंच गई है। यह खरीद प्रक्रिया सरकार द्वारा निर्धारित पारदर्शी प्रणाली के तहत प्राथमिकता के साथ की जा रही है।

### गायत्री स्कूल में हवन के साथ नए सत्र का शुभारंभ

**कैथल।** माता गेट स्थित गायत्री पब्लिक स्कूल में सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार और हवन यज्ञ के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया। इस अनुष्ठान में बच्चों, शिक्षकों और विद्यालय प्रशासन के सदस्यों ने भाग लिया। हवन यज्ञ के माध्यम से न केवल वातावरण को शुद्ध किया गया, बल्कि छात्रों में संस्कृति और नैतिक मूल्यों की भावना विकसित हुई।

### हरियाणा उदय पोर्टल पर करें रजिस्ट्रेशन : आर्य

**जींद।** अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने बताया कि हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश लेकर साइक्लोथॉन साइकिल यात्रा आगामी 24 अप्रैल को जिले में प्रवेश करेगी। यह यात्रा समाज में नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने और नशामुक्त हरियाणा के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस साइक्लोथॉन यात्रा में भाग लेने के लिए आमजन ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।

### डा. श्याम शर्मा ने गाया हरियाणा का राज्यगीत

**कैथल।** हरियाणा गठन के बाद पहली बार प्रदेश का राज्य गीत बनाया गया है। जिसे कैथल जिले के गांव देवबन के रहने वाले डॉ. श्याम शर्मा ने गाया है। उनकी मधुर आवाज में गाए गए इस गीत को सभी ने पसंद किया है। वहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधानसभा में डा. श्याम शर्मा की मधुर आवाज की प्रशंसा की है।

### दिखावा बनकर रह गई पुलिस की छापेमारी कार्रवाई

# होटल, स्पा सेंटर तथा मसाज पार्लरों में हो रहा अनैतिक कार्य!

**बार-बार छापेमारी के बावजूद सख्त कदम न उठाए जाने पर सवाल उठाने लगे है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

शहर व आसपास के कस्बों में होटल, कैफे व स्पा सेंटर तथा मसाज पार्लरों पर सरेआम अनैतिक कार्य हो रहा है लेकिन पुलिस सब कुछ जानते हुए भी अनजान बनी हुई है। इससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि दाल में कुछ काला ही नहीं बल्कि पूरी दाल ही काली है।

हालांकि पुलिस समय-समय पर इन पर छापेमारी कार्यवाही कर रही है लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात साबित हो रहा है। बता दें कि पिछले कुछ हफ्तों में पुलिस टीम द्वारा मिली शिकायत के आधार पर कुछ कैफे, होटल व स्पा सेंटरों में छापेमारी कार्यवाही करते हुए वहां से काबू किए युवा व युवतियों को थाने भी लाया गया लेकिन बाद में चेतावनी देकर छोड़ दिया गया और कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। न तो उस कैफे, होटल व स्पा सेण्टर संचालक के खिलाफ कार्यवाही की गई तथा न ही पकड़े गए युवा व युवतियों पर। सिर्फ और सिर्फ चेतावनी और सिर्फ चेतावनी तक ही सिमट कर रह गई है कैथल पुलिस की कार्रवाई। बार-बार पुलिस द्वारा की गई छापेमारी के बावजूद सख्त कदम न उठाए जाने पर अब जनता खाकी पर भी सवाल उठाने लगी है। जनता का कहना है कि पुलिस व सेंटर संचालकों की मिलीभगत से ही अनैतिक कार्य का धंधा फलफूल रहा है। जनता का यहां तक कहना है कि पुलिस अपनी सेंटिंग के लिए छापेमारी कार्यवाही का ड्रामा करती है। जिन स्पा व मसाज सेंटर संचालकों द्वारा पुलिस की जेब गर्म नहीं की जाती या मंथली नहीं दी जाती तो केवल उन्हीं के यहां छापेमारी की जाती है। पुलिस छापेमारी करती है तथा वहां से काबू किए गए युवा व युवतियों को थाने ले जाकर सेटिंग कर छोड दिया जाता है। बिना किसी सख्त कार्रवाई के इनमें से करइं युवा व युवतियां फिर से सरेआम अनैतिक कार्य करते हैं क्योंकि उन्हें पता है कि कुछ पैसे देकर पुलिस कार्यवाही से साफ बचा जा सकता है।




**पुलिस का जिम्मा उठाते हैं सेंटर संचालक**

देखने में आया है कि शहर में चलाए जा रहे करइं स्पा व मसाज सेंटर संचालक अनैतिक कार्य करवाने को लेकर पुलिस छापेमारी का भी जिम्मा उठाते हैं। उनका कहना है कि वे पुलिस से सांठगांठ करते हुए ही ऐसा कर रहे हैं। पहली बात तो पुलिस आएगी ही नहीं तथा यदि आएगी तो उन्हें पहले बता कर आएगी।

**शहर के साथ-साथ कस्बों तक पहुंचा स्पा व मसाज केंद्र का धंधा**

*कुछ समय पूर्व स्पा व मसाज केंद्र का धंधा बड़े-बड़े शहरों में देखा जाता था लेकिन अब यह शहरों से निकलकर कस्बों तक पहुंच गए हैं। ऐसे केंद्रों पर चल रहे अनैतिक कार्य से युवा पीढ़ी पथभ्रष्ट होकर गलत रास्ते की ओर जा रही है। शहर की बात करें तो अम्बाला रोड, ढांड रोड, करनाल रोड सहित जींद रोड पर चल रहे होटल, कैफे व स्पा सेंटरव मसाज पार्लर चलाए जा रहे हैं।*

**अनैतिक कार्य नहीं होने दिया जाएगा**

*डीएसपी वीरभान ने बताया कि जिले में किसी भी प्रकार का अनैतिक कार्य नहीं होने दिया जाएगा। पुलिस द्वारा समय-समय पर शहर व आसपास के कस्बों के स्पा व मसाज केंद्रों पर छापेमारी की जाती है। भविष्य में भी यह छापेमार कार्रवाई जारी रहेगी।*

# डीएसपी बीरभान ने गांव धुंधरेहड़ी व भानपुरा में आमजन से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल


**कैथल।** डीएसपी वीरभान ग्रामीणों से बातचीत करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

पुलिस द्वारा लगातार आमजन के बीच में जाकर उनकी समस्याएं सुनी जा रही है तथा इसके साथ उनका त्वरित समाधान किया जा रहा है। इसके अलावा इस दौरान पुलिस द्वारा आमजन को विभिन्न विषयों बारे जागरूक भी किया जा रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मुहिम दौरान डीएसपी बीर भान व थाना सदर एसएचओ एसआई मुकेश कुमार ने गांव धुंधरेहड़ी व भानपुरा में ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान डीएसपी ने कहा कि आज का युवा नशे व अपराधों की ओर ज्यादा अग्रसर है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि अपने बच्चों को नशे से बचाएं व सामाजिक कार्यो में सहयोग के लिये प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि पुलिस की प्राथमिकता है कि गांव में शांति का माहौल बना रहे और आम जनता में सुरक्षा की भावना बनी रहे। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि गांव में किसी भी प्रकार की गुटबाजी से दुर रहे। यदि कोई गांव में नशा बेचता है या किसी किस्म का अपराध करता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा व अपराधी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान गांव में कैमरे लगवाने बारे, अवैध शराब खुर्दे बंद करने बारे तथा ग्रामीणों को दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने, गाडी चलाते समय सीट बेल्ट लगाने लिए भी प्रेरित किया।

## नपा कलायत के नव निर्वाचित प्रधान और 16 पार्षदों ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत

कलायत नगर पालिका नव निर्वाचित प्रधान और सभी 16 पार्षदों ने सोमवार को हवन में आहुति डालते हुए जन प्रतिनिधि के तौर पर कार्यभार संभाला। धार्मिक परंपराओं का निर्वहन पवन शास्त्री ने पालिका परिसर में बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं, बड़े-बुजुर्गों और युवाओं के उपस्थिति में करवाया। नगर पालिका सचिव पवन शर्मा ने अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ प्रधान अंकित जैलदार, वार्ड 1 से पार्षद रेणू धानियां, वार्ड 2 आशीष राणा, वार्ड 3 उषा रानी, वार्ड 4 निशा देवी, वार्ड 5 प्रीत जगदेव, वार्ड 6 प्रदीप राणा, वार्ड 7 राजेश राणा, वार्ड 8 महीपाल पंवार, वार्ड 9 जगदीश रायका, वार्ड 10 संजय ढूंषसगला, वार्ड 11 विनोद जेष्ठ, वार्ड 12 अमित कुमार, वार्ड 13 रवींद्र शर्मा, वार्ड 14 पूनम धीमान, वार्ड 15 कविता कांसल और वार्ड 16 से पार्षद नीलम देवी का कार्यालय में पहुंचने पर अभिनंदन किया।

नवरात्रि पर्व की शुरूआत के साथ ही जिम्मेवारियों को संभालने पहुंचे नव निर्वाचित जन प्रतिनिधि और उनके समर्थक उत्साहित दिखे। इस दौरान शहर से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों और जन समस्याओं को लेकर चर्चा हुई।

## एवरग्रे हाई स्कूल में परिणाम दिवस का भव्य आयोजन

**कैथल।** आज एवरग्रे हाई स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय में एक समारोह आयोजित किया गया, जिसमें प्रधानाचार्य रजत सिंगला ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। विद्यालय परिसर में परिणाम दिवस को लेकर उत्साह का माहौल था। विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों की उपस्थिति में जब परीक्षा परिणामों की घोषणा की गई, तो सफलता प्राप्त करने वाले छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यालय के कई विद्यार्थियों ने अपने अनुशासन, मेहनत और लगन से श्रेष्ठ प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, धैर्य और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने की सलाह दी।

# कृष्ण बेदी ने सुरेश मित्तल को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭नरवाना

भारत विकास परिषद नरवाना शाखा हमेशा हरियाणा मध्य प्रांत में अग्रिम पंक्ति में काम करने वाली शाखा रही है। नरवाना में हरियाणा मध्य प्रांत में प्रांतीय स्तर पर चार पदाधिकारी हैं। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश मित्तल को हरियाणा मध्यप्रांत इस बड़ी जिम्मेदारी को बखूबी निभाने के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा आप नरवाना का नाम हरियाणा ही नहीं राष्ट्रीय फलक तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। हरियाणा सरकार की तरफ से जो भी सहयोग होगा हमेशा हम आपके साथ सहयोग का पूरा विश्वास दिलाता हूं। शाखा सचिव राजेश टांक ने बताया कि नरवाना शाखा हरियाणा मध्य प्रांत में एक विशेष स्थान रखती है। शाखा अध्यक्ष संजय सिंगला के नेतृत्व में नरवाना शाखा ने पिछले दो वर्षों में बहुत बेहतरीन कार्य किया है। शाखा के समर्पित कार्यकर्ताओं की बदौलत नरवाना शाखा को केंद्रीय और क्षेत्रीयएप्रान्तीय पदाधिकारी ने नरवाना शाखा की निष्ठा ईमानदारी और कर्तव्य परायणता को देखते हुए श्री सुरेश मित्तल को हरियाणा मध्य प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पहले भी सुरेश मित्तल प्रांतीय कोषाध्यक्ष और प्रांतीय संगठन सचिव की जिम्मेदारी का बखूबी तरीके से निर्वहन कर चुके हैं। यह जिम्मेवारी मात्र नरवाना शाखा नहीं अभी तो समस्त जींद के लिए गौरव और गर्व का विषय है। हम सब सुरेश मित्तल के कंधे से कंधा मिलाकर हरियाणा मध्य प्रांत को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने का कार्य करेंगे।


**नरवाना।** सम्मानित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

# पिपलथा मैं छात्रों का वार्षिक परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

राजकीय मॉडल संस्कृतिक प्रायमरी स्कूल पिपलथा मैं विद्यार्थियों का वर्षिक परिणाम घोषित किया गया जिसमें बल वाटिका से लेकर पांचवी कक्षा तक का परिणाम 100% रहा है स्कूल के अध्यापक हरीदास ने बताया की ईस स्कूल में बच्चों को जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी भी कराई जाति है और पीछले 6 वर्षो से अभी तक स्कूल का रिकॉर्ड रहा है की नौ विद्यार्थीयों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हो चुका है अध्यापक राजेश ने बताया की स्कूल में वाल वाटिका से ही बच्चों को संस्कृतिक कार्यों के लिए भी तैयार किया जाता है इनको मंच पर बोलने के लिए प्रोतसाहित किया जता है और अबकी बार स्कूल का परिणाम बाल वाटिका से लेकर पांचवी कक्षा तक 100% रहा है अध्यापिका नीलम ने बताया कि हम सभी अध्यापक गण पुरा प्रयास करते हैं की स्कूल के समय में जितना भी हमें समय मिले उसमें पुरी तरह से बच्चों को मानसिक परीपक कर सके स्कूल का परिणाम कुछ ईस प्रकार से रहा बाल वाटिका प्रथम स्थान सानवी,दूसरा स्थान,विवेक तीसरा स्थान विवान प्रथम कक्षा प्रथम स्थान राजदीप दूसरा स्थान चाहत कागङातीसरा स्थान नूर दूसरी कक्षाप्रथम स्थान कार्तिकदूसरा स्थान लविश शर्मा तीसरा स्थान लवप्रीत तीसरी कक्षाप्रथम स्थान अरनव दूसरा स्थान सानिया तीसरा स्थान गौरव चौथी कक्षाप्रथम स्थान नक्षदूसरा स्थान सौरव और गौरव तीसरा स्थान दिलशान पांचवी कक्षाप्रथम स्थान नमनदीप दूसरा स्थान जशन तीसरा स्थान सचिन दौरान मेडल पहनाकर और शील्ड देकर उच्च स्थान प्राप्त बच्चों को सम्मानित किया आयोजन में विशेष रूप से आमंत्रित रही गांव की लाडली बेटी रेखा रानी जेएनवी विश्वकर्मा जिसे हाल ही में गई 8 मार्च 2025 को माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी ने इंदिरा गांधी अवार्ड से भी नवाजा है, और जोकि उड़ान हौसलों की फाउंडेशन की संस्थापिका है।



**मौजूद रहे**

एसएमसी गठित की गई टीम की प्रधान आरती शर्मा और मेंबर गगनदीप ज्योति रानी, रितु, टीना और बहुत भारी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे! मिठाई और चाकलेट वितरण के बाद आयोजन का समापन हुआ।

# प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम

- स्टाफ सदस्यों ने ग्रामीणों व अभिभावकों को घर-घर जाकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

पी.एम. श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फरल में प्रधानाचार्य महेंद्र पाल कौशिक की अध्यक्षता में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय की छात्राओं और स्टाफ सदस्यों ने गांव के विभिन्न घरों में जाकर विद्यालय की उपलब्धियों और आगामी सत्र के योजनाओं के बारे में अभिभावकों तथा ग्रामीणों को अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य महेंद्र पाल कौशिक ने बताया कि विद्यालय आगामी सत्र 2025-26 से सी.बी.एस.ई. पैटर्न के तहत पढ़ाई कराएगा, जिससे छात्राओं को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त होगी। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले कुछ वर्षों से विद्यालय का परीक्षा परिणाम सकारात्मक रहा है और इस बार शिक्षण व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए स्कूल में यंग एडिटर क्लब का गठन किया गया है। इस क्लब का उद्देश्य छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ रोजगारमुखी तैयारी में मदद करना है, ताकि वे भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें।


**पूंडरी।** घरों में जाकर विद्यालय की उपलब्धियों को बताते हुए स्कूल स्टाफ सदस्य।

**सामाजिक बुराइयों से अवगत कराया गया**

प्रधानाचार्य ने यह भी कहा कि विद्यालय की एनएसएस यूनिट द्वारा छात्राओं को सामाजिक बुराइयों से अवगत कराया जाता है और उनका समाधान ढूंढने की दिशा में काम किया जाता है। इसके अलावा, छात्राओं में स्वच्छता, अनुशासन, धैर्य, ईमानदारी, नेतृत्व और मिलकर काम करने की भावना जैसे महत्वपूर्ण गुणों का विकास भी किया जा रहा है। इस कार्य में विद्यालय के समर्पित स्टाफ की अहम भूमिका है। कार्यक्रम में विद्यालय के विभिन्न स्टाफ सदस्य नीलम कौशिक, महेंद्र, कुलदीप, रेखा, विनिका, जसविंदर कौर, शिवकुमार, सुभाष चंद सहित कई लोग मौजूद रहे।

# सांगा के प्रति टिप्पणी पर रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

सोमवार को राजौंद में महाराणा प्रताप चौक पर समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद द्वारा वीर शिरोमणि राणा सांगा के प्रति अभद्र टिप्पणी के विरोध में राजपूत समाज के लोगों ने राज्य सभा सांसद का पूतला फूंक कर भारी रोष प्रकट किया व नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान समाज के लोगों ने कहा कि जिन महापुरुषों ने देश की आन-बान के लिए सैकड़ो युद्ध लड़े और विजयी हुए। आज उन महापुरुषों के प्रति समाजवादी पार्टी के राज्य सभा सांसद द्वारा अभद्र टिप्पणी बोलकर पूरे देश के राजपूत समाज के लोगों को आक्रोशित किया है। उन्होंने कहा कि आज आक्रांतओ का महिमा मंडन हों रहा है, जो कि देश की अस्मिता के खिलाफ है।जिसे लेकर पूरा क्षत्रिय समाज आक्रोशित है। इस दौरान जयवीर राणा, रविंद्र,गखना, गौरव, पूर्व सरपंच पवन जैलदार, जबर सिंह, हरपाल सिंह, पार्षद संजय, पार्षद जोनी राणा,पार्षद अशोक फोजी, महिपाल राणा, जयपाल सिंह, तेजपाल,कमल राणा, मोहकम राणा,भूपेंद्र राणा , संग्राम राणा,राजवीर, कप्तान राजेंद्र राणा, अजय कुमार ,वी के सिंह राणा, विक्रांत राणा, विनय,हर्ष राणा सहित भारी संख्या में युवा साथी मौजूद रहे।


**राजौंद।** नायब तहसीलदार सुरेश कुमार को ज्ञापन सौपते हुए राजपूत समाज के लोग।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी 2020 के स्कूली शिक्षा में कार्यान्वियन पर केंद्रित कार्यशाला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

एकता नगर स्थित सुप्रीम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी 2020 के स्कूली शिक्षा में कार्यान्वयन पर केंद्रित दो दिवसीय कार्यशाला का भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य सत्येंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन सीबीएसई की रिसोर्स पर्सन पूजा छाबड़ा प्राचार्य सुगनी देवी अर्गा गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल लाडवा कुरुक्षेत्र और धीरज बरेजा पीजीटी कॉमर्स सेंट जेवियर्स हाई स्कूल द्वारा किया गया। रिसोर्स पर्सन ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह नीति भारत की शिक्षा प्रणाली में व्यापक सुधारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक शिक्षा के हर स्तर को प्रभावित करती है। जिसका उद्देश्य शिक्षा को अधिक समावेशीए न्यायसंगत और भारतीय संस्कृति के अनुरूप बनाना हैं।


**जींद।** कार्यशाला के समापन पर अध्यापक। *फोटो: हरिभूमि*

### माता के महिमा का बखान कर पूजा-अर्चना की

# मनसा देवी मंदिर, फतेहपुर में धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

नवरात्रि का पर्व भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता का अद्वितीय प्रतीक है, जो शक्ति की उपासना और देवी दुर्गा के प्रति श्रद्धा का अहसास कराता है। हर वर्ष इस पर्व के दौरान देवी की महिमा का बखान करने के लिए देशभर में पूजा-अर्चना, व्रत, हवन और अनुष्ठान होते हैं। वहीं, फतेहपुर स्थित प्रसिद्ध माता मनसा देवी मंदिर इस नवरात्रि पर्व के दौरान एक विशेष धार्मिक स्थल बन गया, जहां पुजारी देवेंद्र शर्मा और राजेन्द्र शर्मा की देखरेख में भव्य पूजा का आयोजन किया गया। माता मनसा देवी मंदिर, जो फतेहपुर के धार्मिक स्थलों में प्रमुख स्थान रखता है, हमेशा से ही श्रद्धालुओं के बीच एक अत्यंत श्रद्धेय स्थल रहा है। यहां पर नवरात्रि के दौरान विशेष रूप से पूजा और अनुष्ठान किए जाते हैं, जो भक्तों की आस्था को और भी दृढ़ करते हैं। इस बार के आयोजन में मंदिर के परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था, जहां रंग-बिरंगे फूलों और दीपों से वातावरण को दिव्य और आकर्षक बनाया गया।


**पूंडरी।** जानकारी देते हुए माता मनसा देवी मंदिर के प्रबंधन कमेटी के प्रधान संजीव वालिया। *फोटो: हरिभूमि*

**श्रद्धालुओं का उत्साह और श्रद्धा का अद्भुत संगम**

माता मनसा देवी मंदिर के प्रबंधन कमेटी के प्रधान संजीव वालिया ने बताया कि मंदिर में पूजा के दौरान श्रद्धालुओं का उत्साह और आस्था देखते ही बनती थी। प्रत्येक भक्त देवी के चरणों में अपनी समर्पण भावना व्यक्त करने के लिए कतार में खड़ा रहता है। खास बात यह है कि यहां विभिन्न आयु वर्ग के लोग पूजा में भाग लेते हैं और इस अवसर पर वातावरण में भक्ति और विश्वास का अद्वितीय मिश्रण दिखाई देता है।

**देवी की पूजा का महत्व**

नवरात्रि का पर्व विशेष रूप से देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा करने का समय होता है। प्रत्येक दिन एक विशेष रूप से देवी की पूजा की जाती है, और हर रूप की अपनी अलग शक्ति और महिमा है।